| Name | | Roll Number | |
|---|---|---|---|

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## ANNUAL EXAMINATION 2018-19

SUBJECT - HINDI (SECOND LANGUAGE) Code:MWHN206

CLASS: V Time Allotted: 2 ½ Hrs.

05.03.2019 Max .Marks: 80

निर्देश :

* इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क) खंड (ख) और खंड (ग)।
* इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।
* प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।
* हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।

## खण्ड (क) पदय व गदय

प्रश्न 1 *निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -* **1x5=5**

(क)

*'सूरज एक हमारा, जिसकी किरणें उर की कली खिलातीं*
*एक हमारा चाँद , चाँदनी जिसकी हम सबको नहलाती'*

1. चाँद की चाँदनी क्या करती है ?
2. सूरज की किरणें क्या करती हैं ?
3. 'एक' शब्द का विलोम लिखिए ।
4. प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का क्या नाम है ?
5. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता में से ली गई हैं ?

(ख) *निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -* **1x5=5**

*'आज कर्ण कुरुक्षेत्र में घायल अवस्था में पड़ा है ।'*

1. प्रस्तुत पंक्ति किसने -किससे कही है ?
2. 'आज' शब्द का विलोम लिखिए।
3. प्रस्तुत पंक्ति में किसके घायल होने की बात कही गई है?
4. प्रस्तुत पंक्ति में से विशेषण शब्द ढूँढ़कर लिखिए।
5. प्रस्तुत पंक्ति किस पाठ में से ली गई है ?

प्रश्न 2. *दिए गए शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए -* **1x6=6**

1. सुमन 2. शोभा 3. सूत्र 4. दोऊ 5. काके 6. पाय

प्रश्न 3. *निम्नलिखित शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए -* 1x4=4

1. भिक्षा 2. आँगन 3. इत्र 4. सेवा

प्रश्न 4. पाठ के आधार पर रिक्त -स्थानों की पूर्ति कीजिए- 1x5=5

1. चंदन अपनी _________ के लिए विश्व में प्रसिद्ध है।
2. पात्र हमेशा _________ रहने लगा ।
3. पेड़ -पौधे प्रकृति के _________वरदान हैं।
4. खेत फिर से _________उठे।
5. हम दो _________ प्राणी हैं।

प्रश्न 5. *निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए -* ½x6=3

1. केसर खाने में कैसा होता है? क. मीठा ख. कड़वा ग. खट्टा
2. भंडार फिर से____गए । क. बंद ख भर ग खुल
3. नीम को संस्कृत में ____कहा जाता है । क. आरिष्ट ख. अरीष्ट ग. अरिष्ट
4. फूल किसके श्रृंगार हैं ? क. धनी-निर्धन के ख. किसी के नहीं ग. अमीरों के
5. नगर में क्या पड़ा था? क. पत्थर ख. अकाल ग. हल्ला
6. सभी कर्ण की क्या करते हैं? क. बुराई ख. निंदा ग. प्रशंसा

प्रश्न 6. *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए-* 1x6=6

1 गुरु- गोबिंद से कवि का क्या तात्पर्य है?
2 फूल किसके पलने में झूल-झूलकर बड़े होते हैं?
3 विद्या रूपी धन कैसे प्राप्त किया जा सकता है ?
4 फूल किस-किस के श्रृंगार हैं?
5 सेठ धर्मपाल को अकाल के अलावा दूसरी चिंता क्या थी ?
6 दानशीलता कैसा गुण है?

प्रश्न 7. *किन्हीं* तीन प्रश्नों के *उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए।* (*केवल 3*) 2x3=6

1. कर्ण ने सूर्य से क्या प्रार्थना की और क्यों?
2. कबीरदास जी ने खजूर के पेड़ में कौन - सी कमी बताई है? उदाहरण देकर समझाइए।
3. प्रजा और पशु-पक्षी क्यों परेशान थे ?
4. उपवन की शोभा किससे होती है तथा आपको उपवन में जाकर कैसा लगता है ?
5. बाह्मी का पौधा हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी है ?

## खण्ड (ख) व्याकरण

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के दो -दो *अनेकार्थी शब्द* लिखिए - ½x6=3

1) फल 2) पानी 3) पत्र

प्रश्न 9. निम्नलिखित वाक्यों में *रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर* वाक्य फिर से लिखिए - 1x2=2

1. लड़की पाठ पढ़ रही है । 2. बच्चा अभी पाठशाला नहीं गया।

प्रश्न 10 (क)निम्नलिखित वाक्यों में से *कारक चिह्न पहचानकर* लिखिए - **½x4=2**

1. दादी साँप से डर गई । 2. हम कार के द्वारा पाठशाला आते हैं ।
3. यह राधा की पुस्तक है । 4. मेज़ पर पुस्तक रखी है ।

(ख) नीचे दिए गए वाक्यों के खाली स्थानों में *उचित कारक चिह्न* भरिए - **1x2=2**

1. माताजी ________ हमारे लिए मिठाई बनाई है ।
2. कल सीमा भारत ________ मस्कत आएगी।

प्रश्न 11 (क) निम्नलिखित वाक्यों में से *क्रिया शब्द पहचानकर* लिखिए - **½x4=2**

1. मोहन कलम से लिखता है। 2. भालू तेज़ दौड़ता है ।
3. घोड़ा घास खा रहा है । 4. रघू ने आम खाए थे ।

(ख)निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों की *पूर्ति क्रिया शब्दों द्वारा* कीजिए - **1x2=2**

1. बच्चा दूध _________ ।
2. हम रोज़ सुबह प्रार्थना _________ ।

प्रश्न 12 (क)निम्नलिखित *शब्दों के शुद्ध* रूप लिखिए - **½x6=3**

1. चिट्टी 2. ककशा 3. सुलेक 4. ग्रहकार्य 5. ब्राहमण 6. शरिर


(ख)निम्नलिखित वाक्यों *को शुद्ध कर*के फिर से लिखिए - **1x3=3**

1. हम पाठशाला जा रहा हूँ।
2. आपका कलम गिर गया।
3. बच्चे को उबालकर पानी पिलाइए ।

प्रश्न 13 निम्नलिखित वाक्यों के *काल* पहचानकर लिखिए - **1x3=3**

1. राजू ने चाय पी ली ।
2. बंदर नाच रहा है।
3. पिता जी दफ़्तर नहीं जाएँगे ।

प्रश्न 14 नीचे दिए गए चित्र का **30 से 35 शब्दों में वर्णन** कीजिए - **1x3=3**



## खण्ड (ग) रचना

**प्रश्न 15** ***नीचे लिखे गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*** **1x5=5**

जंगल में अनेक जानवर होते हैं।जैसे ः शेर, बाघ, चीता , हाथी ,खरगोश ,हिरन आदि। इनमें से शेर सबसे ज़्यादा ताकतवर होता है।इसलिए उसे जंगल का राजा माना जाता है। जंगल में बहुत सारे पेड़-पौधे होते हैं ,शेर उनकी छाया में आराम करता है ।शेर एक माँसाहारी पशु है ।वह अपने भोजन के लिए जंगल के अन्य पशुओं का शिकार करता है।इसकी दहाड़ से जंगल के जानवर डर जाते हैं।शेर अपने बच्चों को शिकार करना सिखाता है।कुछ लोग शेर को पकड़कर चिड़ियाघर में भी रखते हैं ,जहाँ लोग उसे देखने जाते हैं।शेर सरकस में भी काम करता है।शेर को जंगलों का रक्षक भी कहा जाता है।कुछ लोग शेर का शिकार भी करते हैं और इसके शरीर के अंगों और खाल का व्यापार करते हैं ऐसा करना कानूनी अपराध है ।हमें शेर को बचाने के लिए सरकार की मदद करनी चाहिए।

***प्रश्न***

1. ***शेर को जंगल का राजा क्यों माना जाता है?***
2. ***शेर अपने बच्चों को क्या सिखाता है?***
3. ***शेर को बचाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?***
4. ***जंगलों का रक्षक किसे कहा जाता है?***
5. ***किन्हीं चार जंगली जानवरों के नाम लिखिए।***

**प्रश्न 16 किसी एक विषय पर लगभग 60-80 शब्दों में निबंध लिखिए।** **10**

**1. मेरा विद्यालय** **2. मेरा प्रिय खेल** **3. मेरा प्रिय त्योहार**

End of the question paper.